# मवाना मैराथन में एक साथ दौड़ेंगे दस हजार धावक

नई दिल्ली, (राजेन्द्र सजवान): लंदन ओलिंपिक के लिए ओलिंपक क्वालीफायर्स का दर्जा पाने वाली मवाना मैराथन का आयोजन 17 फरवरी को इंडिया गेट से इंडिया गेट तक किया जाएगा। 15 लाख की फुल मैराथन का आयोजन मवाना सुगर्स और उषा इंटरनेशनल द्वारा किया जाएगा, जिसमें देश के लगभग 10 हजार धावक, धाविकाएं भाग लेंगे। यह जानकारी देते हुए मवाना सुगर्स के चेयरमैन सिद्धार्थ श्रीराम ने बताया कि दौड़ प्रात: 7.30 बजे शुरू होगी, जिसके लिए तमाम चैंपियन एथलीट अपना रजिस्ट्रेशन करवा चुके हैं। 11 फरवरी रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि होगी।

इस अवसर पर आयोजक सचिव राजेश तारा, छाया श्रीराम और कृष्ण श्रीराम भी मौजूद थे। मैराथन की जानकारी देते हुए श्रीतारा ने बताया कि मवाना मैराथन साल दर साल लोकप्रिय हो रही है। उनके अनुसार 42.16 किलोमीटर की फुल मैराथन महिला, पुरुष, 45 से साल के ऊपर के पुरुष एवं 40 से ऊपर की महिलाओं के लिए आयोजित की जाएगी। 21 किलोमीटर की हाफ मैराथन भी इन्हीं चार वर्गों में आयोजित होगी। पुरुष एवं महिला वर्ग के विजेताओं को क्रमश: ढाई-ढाई लाख दिये जाएंगे। उपविजेता को एक लाख तीसरे नम्बर के एथलीट को 50 हजार मिलेंगे। पहले बीस स्थानों के लिए सभी वर्गों में नकद पुरस्कार का प्रावधान रखा गया है। मैराथन को एथलेटिक फैडरेशन से मान्यता प्राप्त बताए जाने पर जब इस संवाददाता ने आयोजकों को बताया कि फैडरेशन पर खेल मंत्रालय ने प्रतिबंध लगाया है तो क्या एथलीटों के प्रदर्शन को मान्यता दी जाएगी तो एएफआई के डायरेक्टर एसएल डोगरा ने कहा कि मान्यता की कोई समस्या नहीं है। उन्होंने बताया कि खेल मंत्रालय ने तीन टाप पदों के चुनाव कराने का निर्देश दिया है। जिसका पालन किया जाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि सरकार द्वारा किसी प्रकार की समस्या नहीं होगी।

**■ इंडिया गेट से शुरू होगी 42 किलोमीटर लम्बी मैराथन**

सिद्धार्थ श्रीराम के अनुसार मवाना मैराथन के आयोजन का उद्देश्य देश में एथलेटिक के लिए माहौल बनाना है और इस मकसद में उन्हें सफलता मिली है। प्रतियोगी लगातार बढ़ रहे हैं। खासकर गांव देहात के युवा रुचि ले रहे हैं। राजेश तारा ने दौलतपुरा गांव का उल्लेख करते हुए कहा कि उस गांव के मैराथन धावक तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। भविष्य में उनकी प्राथमिकता गांव रहेंगे जहां से अच्छे एथलीट निकल सकते हैं। सवाल के जवाब में सिद्धार्थ श्रीराम ने बताया कि 1982 में 'रथ मैराथन' के साथ उषा इंटरनेशनल ने शुरूआत की थी। 2006 से मवाना मैराथन का आयोजन किया जा रहा है। तारीफ की बात यह है कि मवाना मैराथन का आयोजन कामनवैल्थ मैराथन के रूट पर किया जा रहा है। सत्यप्रकाश, सुनील, रामसिंह, केसी रामू, भैरो सिंह, इन्द्रेश धीरज, एस. सुधा, सुनीता रानी आदि नामी एथलीटों ने भाग लेने की पुष्टि की है। आयोजकों की राय में आने वाला कल एथलीटों को होगा। सिद्धार्थ श्रीराम ने मीडिया से सकारात्मक सोच रखने का आग्रह किया और कहा कि थोड़ा धैर्य रखें।